सीकर 3 मई। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी के तहत शुक्रवार को सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई फतेहपुर की ओर से अधिशाषी अभियन्ता राहुल भाटिया के मार्गदर्शन में जालान उच्च माद्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिवरेज प्रणाली के उपयोग रखरखाव व विद्यार्थीयों की भूमिका पर चर्चा की गई साथ ही आरयूआईडीपी के तहत किये गए विकास कार्यो की जानकारी दी गई। कैंप आरयूआईडीपी के सहायक सामाजिक विकास अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने छात्र–छात्राओ को शहर में सीवरेज कनेक्सन से होने वाले फायदों से अवगत कराया। उन्होंने सीवरेज के रख–रखाव की जानकारी देते हुए बताया कि आपके यहां सीवर कनेक्सन का कार्य हो चुका है, आपकों अपने रसोई व बाथरूम के आउटलेट्स पर जाली अवश्य लगाए, सब्ज़ियों के टूकडे, झूठन को नालियों में प्रवाहित नही करें, सीवर लाइन जाम होने पर छेड़–छाड़ नहीं करें, इसमें ज़हरीली गैस हो सकती हैं व किसी भी प्रकार की समस्या व समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1800–5473900 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य नरपत सिंह ने बताया कि सीवरेज लाइन से शहर साफ–सुथरा एवं स्वच्छ बनेगा व पर्यावरण सही रहेगा व मच्छर–मखियों में कमी आएगी तथा गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। बच्चों को अपने घर व उसके आस–पास साफ–सफाई रखने गंदगी नही फैलाने, अपने घरो का सिवरेज कनेक्सन करवाने में सहयोग करने के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि घर के कचरे को खुले स्थान व नालियों में नहीं डालें इससे गंदगी फैलती है,सीवरेज के फायदे सभी के लिए महत्वपूर्ण है इससे भूमिजल प्रदूषित होने से बचेगा व पर्यावरण सही रहेगा, जिससे हमारा स्वास्थ्य भी सही होगा। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ व कक्षा 12 तक के बच्चों ने अपनी सहभागिता की।

....